डीएम ने किया नगर निगम के कार्यों का निरीक्षण

अमृत विचार, शाहजहांपुर

डीएम इन्द्र विक्रम सिंह ने शनिवार को नगर निगम द्वारा नगर क्षेत्र में कराए जा रहे कार्यों का निरीक्षण किया। डीएम ने सर्वप्रथम कवि तिराहे पर बनी प्रतिमा स्थलों एवं गोल चक्कर का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा प्रतिमा स्थलों के आसपास लगे पत्थरों को पुनः चमकने वाले पेन्ट से पेन्ट कराने के लिए कहा गया व उसमें लगे पत्थरों में मिटे नामों को दोबारा लिखवाए जाने के लिए निर्देश दिए। इसके साथ ही डीएम ने कवि तिराहे के पूर्व-उत्तर की ओर विश्वनाथ मन्दिर के पास बाएं तरफ बने नाले पर पत्थर डाले जाने के लिए निर्देश दिए। इसी क्रम में प्रेस क्लब का भी निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान प्रेस क्लब में हो रहे निमार्ण कार्य के समय चार मजदूर व एक सुपरवाइजर उपस्थित पाए गए। कार्य में धीमी गति पाए जाने पर डीएम द्वारा नाराजगी व्यक्त की गई। निरीक्षण के दौरान एग्जीक्यूटिव इंजीनियर आरईबी से वार्ता कर उन्हें निर्देषित किया गया। इसके साथ ही प्रेस क्लब में बेसमेंन्ट में बने स्थान पर बारिश का पानी न जाए इसके लिये उचित व्यवस्था कराए जाने के लिये निर्देश दिए गए। इसी क्रम में डीएम द्वारा अजीजगजं में डैम रोड पर निर्माणाधीन पोस्टमार्टम हाउस का निरीक्षण किया गया। यह निर्माण कार्य आवास-विकास परिषद द्वारा किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान नवीन-अधिशासी अभियंता आवास विकास उपस्थित पाए गए। पोस्टमार्टम हाउस उत्तरी दीवार पर बिजली का मोटा केबिल खुला हुआ पाया गया, उसे पाइप लगाकर बन्द करने के लिए कहा गया। पोस्टमार्टम हाउस के अन्दर बने हुये डेड बॉडी रखने के टेबल के चारो तरफ बार्डर बनाए जाने के निर्देश दिए गए, जिससे पोस्टमार्टम चबूतरे का पानी कमरे के फर्श पर न गिरे। निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा, अपर नगर आयुक्त एस के सिंह, मुख्य अभियंता दिनेश चन्द्र सचान एवं अन्य अधिकारी कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

कार्यों का निरीक्षण करते डीएम इंद्रविक्रम सिंह ● अमृत विचार